हिन्दुस्तान (Hindustan)

| दिनाँक (Dated): 08/03/2025 | पृष्ठ सं0 (Page No). 10 | क्रम सं0(Serial No.) 8 |
|---|---|---|

केंद्रीय गृह मंत्री ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के हिंदी थोपे जाने के आरोप पर किया पलटवार

# शाह बोले, इंजीनियरिंग तमिल में पढ़ा लें


**तंज**

रानीपेट/नई दिल्ली, एजेंसी/प्रमुख संवाददाता। केंद्र और तमिलनाडु सरकार में भाषा के मुद्दे पर छिड़े विवाद के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से अपील की कि वे राज्य में जल्द तमिल भाषा में मेडिकल और इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम शुरू करें। शाह ने तमिल भाषा की सराहना भी की।

शाह ने चेन्नई से करीब 70 किलोमीटर दूर रानीपेट में आरटीसी थक्कोलम में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 56वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित किया। उन्होंने स्टालिन के हिंदी थोपे जाने के आरोप पर कहा कि केंद्र सरकार ने बदलाव किए हैं और सुनिश्चित किया है कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के अभ्यर्थी अपनी-अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में परीक्षा दे सकें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षा में उत्तर पुस्तिका तमिल में भी लिखी जा सकेगी। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के माध्यम से हिंदी लागू करने का दावा कर रही है, हालांकि केंद्र ने इसका खंडन किया है। राज्य सरकार ने कहा है कि वह केवल द्विभाषा नीति, यानी तमिल और अंग्रेजी का पालन करेगी।

**राज्य की संस्कृति को सराहा:** शाह ने तमिलनाडु की सराहना करते हुए कहा कि राज्य की संस्कृति ने भारत की सांस्कृतिक धारा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, चाहे प्रशासनिक सुधार हो, आध्यात्मिक ऊंचाइयों को प्राप्त करना या फिर शिक्षा और राष्ट्र की एकता व अखंडता, तमिलनाडु ने हर क्षेत्र में भारतीय संस्कृति को मजबूत किया है।



रानीपेट में शुक्रवार को सीआईएसएफ के 56वें स्थापना दिवस को संबोधित करते गृह मंत्री अमित शाह। • प्रेट्र

**2047** तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प

## छह नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी

गृह मंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देशभर में सीआईएसएफ की छह नई परियोजनाओं की आधारशिला रखी और एसएसजी नोएडा में एक नए व्यायामशाला का उद्घाटन किया। सीआईएसएफ साइक्लोथॉन की भी वर्चुअल शुरुआत की।

## बेंगलुरु में अस्पताल का उद्घाटन किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कर्नाटक के बेंगलुरु में श्री विश्वेशतीर्थ मेमोरियल अस्पताल का उद्घाटन किया। श्री कृष्ण सेवाश्रम ट्रस्ट से जुड़े इस 150 बिस्तरों वाला अस्पताल 60 करोड़ रुपये की लागत से दो एकड़ भूमि पर बनाया गया है।

## उन्नत प्रशिक्षण के लिए अग्रणी संस्थानों संग काम

राजादित्य चोल आरटीसी में महानिदेशक राजविंदर सिंह भट्टी ने गृह मंत्री का स्वागत किया। सीआईएसएफ ने विभिन्न खतरों को देखते हुए सूचना प्रौद्योगिकी, विमानन सुरक्षा, काउंटर ड्रोन तकनीक, अग्नि प्रबंधन में डोमेन विशेषज्ञों का एक समूह स्थापित किया है।

## तमिल भाषा को विरासत का अमूल्य रत्न बताया

गृह मंत्री ने कहा कि तमिल भाषा, संस्कृति और परंपराएं भारत की विरासत के अमूल्य रत्न हैं, जिन्हें पूरा देश गर्व से अपनाता है। इसके अलावा यह गर्व की बात है कि सीआईएसएफ थक्कोलम प्रशिक्षण केंद्र 'राजादित्य चोझान आरटीसी' का नाम चोल वंश के महान योद्धा और वीर तमिल राजा आदित्य चोल के सम्मान में रखा गया है।

## सीआईएसएफ का योगदान महत्वपूर्ण

शाह ने सीआईएसएफ के बारे में कहा कि प्रधानमंत्री के भारत को 2047 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में अर्द्धसैनिक बल का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। यह सीआईएसएफ की अटूट निष्ठा और समर्पण का परिणाम है कि आज देश इन सभी क्षेत्रों में सुरक्षित रूप से आगे बढ़ रहा है।